**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन, जिला – खरगोन (म0प्र0)**

**(NAAC द्वारा B++ ग्रेड से प्रत्यायित संस्था, CGPA 2.81)**

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**

**खरगोन,दिनांक 24/10/2024**

**//प्रतिवेदन//**

**प्रधान-मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पर व्याख्यान का आयोजन किया गया -**

प्रधानमंत्री कालेज ओफ एक्सिलेंस मे प्राचार्य डॉ शैल जोशी के मार्गदर्शन मे महाविद्यालय की एन सी सी इकाई द्वारा प्रधान-मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान के मुख्य वक्ता श्री गोपाल पाटीदार ने इस योजना के सम्बंध मे महाविद्यालय के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया. इस योजना के बारे मे विस्तार से बताते हुए श्री पाटीदार ने बताया कि भारत शासन के अधीन मत्स्य पालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को क्रियान्वित कर रही है - यह भारत के मत्स्य पालन क्षेत्र के पारिस्थितिक रूप से स्वस्थ, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सामाजिक रूप से समावेशी विकास लाने के लिए एक योजना है। यह भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत और जिम्मेदार विकास के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है, जिसका अनुमानित निवेश 20050 करोड़ रुपये है, जिसका उद्देश्य मछुआरों के कल्याण सहित मत्स्य पालन क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। PMMSY को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए लागू किया गया है।

पीएमएमएसवाई को मछली उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे और विपणन तक मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य मूल्य श्रृंखला को आधुनिक बनाना और मजबूत करना, ट्रेसबिलिटी को बढ़ाना और एक मजबूत मत्स्य प्रबंधन ढांचा स्थापित करना है, साथ ही साथ मछुआरों और मछली किसानों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करना है ।

इस योजना हेतु इकाई लागत हेतु हितग्राही स्वयं का व्यय अथवा बैंक से ऋण प्राप्त कर सकता है. भारत सरकार द्वारा योजना स्वीकृति उपरांत ही अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग तथा महिला हितग्राहियों को 60% एवम सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 40% अनुदान देय है. उन्होने पुनःपरिसंचरण जलकृषि की प्रणाली, बायोप्लॉक की स्थापना, केज कल्चर, पेन कल्चर, सर्कुलर हैचरी

GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN

Digitally signed by GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
DN: c=IN, postalCode=451001, st=MADHYA PRADESH, street=77 ,GAWSHINDE COLONY ,EAST NIMAR,451001, l=EAST NIMAR, o=Personal, serialNumber=2349424fd0a2c0c9270572f3d5083d4cbb9e32032514123eadaf9f8f4a8dcd1b, pseudonym=b81dc3b86dde4a4ab058694f5f578bf6, 2.5.4.20=b7b29ee6545baeae584bff707c148ca00de9feb7b409d58a80b6ef9514902c2c, email=MAILFORGS@REDIFFMAIL.COM, cn=GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
Date: 2025.10.31 14:49:42 +05'30'

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**

निर्माण, स्वयं की भूमि मे नवीन तालाब निर्माण, मत्स्य बीज सम्वर्धन, जलक्षेत्र निर्माण, कोल्ड स्टोरेज / बर्फ सन्यंत्र - आईस प्लांट की स्थापना, फिश फीड मिल की स्थापना आदि योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया. उन्होने बताया कि मत्य्स बीज प्रक्षेत्र PM-MKSSY प्रधान-मंत्री मत्य्स कृषक समृद्धि योजना अंतर्गत मत्य्स पालन मे संलग्न मछुआ समिति/समूह तथा मत्स्य विपणन कार्यों मे संलग्न व्यक्तियों के NFDB पोर्टल https://nfdp.dof.gov.in/ पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. मंसारे, डॉ दिनेश चौधरी सहित महाविद्यालयीन स्टाफ सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित थे. इस व्यख्यान का संचालन एन. सी. सी. अधिकारी संतोष कुमार राठौड ने किया एवं आभार डॉ कुशल सिंह बघेल ने माना।

प्राचार्य
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
खरगोन

**E-mail – hegpgckhr@mp.gov.in** **Phone no. +91-7282-241562**













प्राचार्य

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खरगोन

Collector Khargone

25 अक्टूबर को 5:53 PM पर ·

एनसीसी इकाई द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया

---

प्रधान-मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पर व्याख्यान का आयोजन किया गया

---

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस मे प्राचार्य डॉ शैल जोशी के मार्गदर्शन मे महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा प्रधान-मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता श्री गोपाल पाटीदार ने इस योजना के सम्बंध में महाविद्यालय के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया। श्री पाटीदार ने योजना के बारे मे विस्तार से बताया कि भारत शासन के अधीन मत्स्य पालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को क्रियान्वित कर रही है। यह भारत के मत्स्य पालन क्षेत्र के पारिस्थितिक रूप से स्वस्थ, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और सामाजिक रूप से समावेशी विकास लाने के लिए एक योजना है।

यह भारत में मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत और जिम्मेदार विकास के माध्यम से नीली क्रांति लाने की एक योजना है। जिसकी अनुमानित निवेश 20050 करोड़ रुपये है। जिसका उद्देश्य मछुआरों के कल्याण सहित मत्स्य पालन क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। पीएमएसवाय को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक 5 वर्षों की अवधि के लिए लागू किया गया है। पीएमएमएसवाई को मछली उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता से लेकर प्रौद्योगिकी, कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे और विपणन तक मत्स्य पालन मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य मूल्य श्रृंखला को आधुनिक बनाना और मजबूत करना, ट्रेसबिलिटी को बढ़ाना और एक मजबूत मत्स्य प्रबंधन ढांचा स्थापित करना है। साथ ही मछुआरों और मछली किसानों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण को सुनिश्चित करना है।

इस योजना की इकाई लागत हेतु हितग्राही स्वयं का व्यय अथवा बैंक से ऋण प्राप्त कर सकता है। भारत सरकार द्वारा योजना स्वीकृति उपरांत ही अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग तथा महिला हितग्राहियों को 60 प्रतिशत एवम सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 40 प्रतिशतअनुदान देय है। उन्होंने पुनःपरिसंचरण जल कृषि की प्रणाली, बायोफ्लॉक की स्थापना, केज कल्चर, पेन कल्चर, सर्कुलर हेचरी निर्माण, स्वयं की भूमि मे नवीन तालाब निर्माण, मत्स्य बीज संवर्धन, जलक्षेत्र निर्माण, कोल्ड स्टोरेज/बर्फ सन्यंत्र- आईस प्लांट की स्थापना, फिश फीड मिल की स्थापना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पीएम-एमकेएसएसवाय प्रधान-मंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि योजना अंतर्गत मत्स्य पालन में संलग्न मछुआ समिति/समूह तथा मत्स्य विपणन कार्यों में संलग्न व्यक्तियों के एनएफडीबी पोर्टल https://nfdp.dof.gov.in पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. मंसारे, डॉ दिनेश चौधरी सहित महाविद्यालयीन स्टाफ सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित थे। व्याख्यान का संचालन एन. सी. सी. अधिकारी संतोष कुमार राठौड ने किया एवं आभार डॉ कुशल सिंह बघेल ने माना।

PRO Jansampark Khargone

25 अक्टूबर को 6:05 PM पर ·





प्राचार्य

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खरगोन


GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN

Digitally signed by GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
DN: c=IN, postalCode=451001, st=MADHYA PRADESH, street=77 ,GAWSHINDE COLONY ,EAST NIMAR,451001, l=EAST NIMAR, o=Personal, serialNumber=2349424fd0a2c0c9270572f3d5083d4cbb9e32032514123eadaf9f8f4a8dcd1b, pseudonym=b81dc3b86dde4a4ab058694f5f578bf6, 2.5.4.20=b7b29ee6545baeae584bff707c148ca00de9feb7b409d58a80b6ef9514902c2c, email=MAILFORGS@REDIFFMAIL.COM, cn=GIRIJENDRA SINGH CHAUHAN
Date: 2025.10.31 14:50:05 +05'30'